सर्वोच्च प्राथमिकता

**छत्तीसगढ़ शासन**
**संस्कृति विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर–492002**

क्रमांक : एफ 4–12/2021/30/सं.::                    नवा रायपुर, अटल नगर, दिनाँक : 10.03.2022.

प्रति,

समस्त कलेक्टर,
छत्तीसगढ़ ।

विषयः–        राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजन करने के संबंध में ।

––00––

प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र में रामायण मंडलियॉ एक अभिन्न अंग है । राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इन रामायण मंडलियों के प्रोत्साहित करने का एक राजय स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा । उक्तानुसार यह प्रतियोगिता पहले चरण में ग्राम पंचायत में जितने भी रामायण मंडलियॉ हैं उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से एक विजेता रामायण मंडलियों को चुना जाना होगा । तद्पश्चात् दूसरे चरण में चुने गये प्रत्येक ग्राम पंचायत रामायण मंडलियों के बीच जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जाये । तद्पश्चात् दूसरे चरण में प्रत्येक जनपद पंचायत के विजेता रामायण मंडलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से जिला स्तरीय विजेता को चुना जाना होगा । उन सभी जिला स्तरीय विजेता रामायण मंडलियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा ।

2/ इसी तारतम्य में वर्ष 2022 के प्रतियोगिता के प्रथम चरण के ग्राम पंचायत के बीच का आयोजन आपके द्वारा अपने जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जहॉ रामायण मंडली पूर्व से सक्रिय है उनके बीच दिनॉक 15.03.2022 के पहले प्रतियोगिता आयोजित कराया जाना सुनिश्चित करें । तद्पश्चात् जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता दिनॉक 15.03.2022 से लेकर दिनॉक 31.03. 2022 के बीच में आयोजित किया जाये ।

3/ तद्पश्चात् जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिनॉक 3, 4 एवं 5 अप्रैल, 2022 को जिला स्तर पर आयोजित कर जिला स्तरीय विजेता रामायण मंडली को चुना जाये ।

4/ इस वर्ष राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता शिवरीनारायण जिला–जांजगीर–चांपा में दिनॉक 8, 9 एवं 10 अप्रैल, 2022 को आयोजित किया जायेगा । इस राज्य स्तरीय आयोजन के विजेता एवं उपविजेता तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रामायण मंडली विजेता दलों को क्रमशः 5.00 लाख, 3.00 लाख एवं 2.00 लाख रू. पुरस्कार राशि प्रदाय किया जायेगा ।

5/ इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की अगुवाई माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा की जा रही है । इस आयोजन हेतु संचालनालय, संस्कृति एवं पुरातत्व द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड के मान से राशि रू. 50 हजार एवं प्रत्येक जिला स्तरीय आयोजन हेतु राशि रू. 1.00 लाख का आबंटन आपको प्रदाय किया जायेगा । उपरोक्त आबंटन को समय पर आहरित कर यथा निर्देशानुसार उपयोग करना सुनिश्चित करें ।

..2

अतः कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस आयोजन को समय पर सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाये । आपके जिले के विजेता दलों को शिवरीनारायण जिला–जांजगीर–चांपा में दिनॉक 7 अप्रैल, 2022 तक एक नोडल अधिकारी सहित पहुँचाना सुनिश्चित करें ।

6/ इस संबंध में अतिशीघ्र मुख्य सचिव महोदय द्वारा वर्चुअल माध्यम से बैठक लेकर चरणबद्ध प्रतियोगिता के प्रगति की समीक्षा की जावेगी ।

10/03/22

(अन्बलगन पी.)
सचिव
संस्कृति विभाग

पृष्ठां. क्रमांक : एफ 4–12/2021/30/सं.:: नवा रायपुर, अटल नगर, दिनॉक 10.03.2022.

प्रतिलिपिः–

01. अपर मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन।

02. विशेष सहायक, माननीय पर्यटन मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन ।

03. विशेष सहायक, माननीय संस्कृति मंत्रीजी, छत्तीसगढ़ शासन ।

04. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्य सचिव कार्यालय, छ.ग. शासन, मंत्रालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

05. संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर, छ.ग. एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. पर्यटन मंडल, रायपुर/कलेक्टर–जांजगीर–चांपा, छ.ग. (राज्य स्तरीय आयोजन के नोडल अधिकारी ) के साथ आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें ।

सचिव
संस्कृति विभाग